**मा0 प्रधानमंत्री जी प्रकरण/अतिमहत्वपूर्ण**

# कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर

**पत्रांकः** परीक्षा/PPC-2024/ 1357-69 /2023–24 दिनांक 03-01-2024

**समस्त ब्लाक प्रभारी/**
प्रधानाचार्य, राजकीय माध्यमिक विद्यालय,
जनपद कानपुर नगर।

**विषयः– परीक्षा पे चर्चा– 2024 के सातवें संस्करण के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (मा0/बे0), उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/डी0ई0/494/ दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांकः परीक्षा/RMSA/ 1300–11/2023–24 दिनांक 27.12.2023 एवं परीक्षा/1341–52/2023–24 दिनांक 29.12.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा जनपद कानपुर नगर को परीक्षा पे चर्चा– 2024 कार्यक्रम में आवंटित लक्ष्य से अधिक पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे। इस सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों का अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराये जाने हेतु व्हाट्सऐप ग्रुप पर निरन्तर यू–ट्यूब वीडियो आदि के माध्यम से निरन्तर निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं।

दिनांक 02.01.2024 को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी गूगल मीट में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद कानपुर नगर में परीक्षा पे चर्चा–2024 कार्यक्रम हेतु पंजीकरण की स्थिति लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त न्यून है। इस स्थिति में अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा अत्यधिक अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं यह अपेक्षा की गयी कि 02 दिवस के अन्दर जनपद में पंजीकरण की स्थिति लक्ष्य से अधिक प्राप्त कर ली जाये।

उक्त स्थितियों में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि व्हाट्सऐप ग्रुप पर भेजे गये यू–ट्यूब वीडियो को पहले स्वयं देखें तथा दिये गये निर्देशों के अनुसार अपने विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 06 से 12 तक के समस्त छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिक से अधिक अभिभावकों का पंजीकरण निर्धारित वेबसाइट पर कराना सुनिश्चित करें तथा उक्त वीडियो को अपने ब्लाक में संचालित समस्त बोर्डों के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भेजते हुये निर्धारित वेबसाइट पर 100 प्रतिशत छात्र/छात्राओं, अध्यापकों एवं अधिक से अधिक पंजीकरण कराते हुये अपने ब्लाक की संकलित सूचना संलग्न निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन सायं 04:00 बजे तक जिला परियोजना कार्यालय, आर0एम0एस0ए0, कानपुर नगर में श्री दीपक कुमार शुक्ला, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 जहाँगीराबाद, श्री आशीष कुमार गुप्ता, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 कोरथा एवं श्री सन्तोष कुमार अग्निहोत्री, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 रामपुर भीमसेन को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त कार्य मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार से सम्बन्धित है एवं शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है, जिसका अनुश्रवण अपर मुख्य सचिव महोदय के स्तर से प्रतिदिन किया जा रहा है। अतः इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य न होगी। यदि आपके ब्लाक के समस्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों का शत्प्रतिशत पंजीकरण दिनांक 04.01.2024 को सायं 04:00 बजे तक पूर्ण नहीं कराया जाता है तो यह माना जायेगा कि आप द्वारा शासन/विभाग के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है, जिसके कारण यदि अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**संलग्नकः– उक्तवत्।**

जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।

**पृ0सं0:** परीक्षा/PPC-2024/ 1357-69 /2023–24 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।

3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, कानपुर नगर।
5. शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
6. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
7. संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल, कानपुर।
8. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज।
9. उप शिक्षा निदेशक (मा0), कानपुर मण्डल, कानपुर।
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर नगर।
11. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, समस्त माध्यमिक विद्यालय, जनपद कानपुर नगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 06 से 12 तक समस्त छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिक से अधिक अभिभावकों का पंजीकरण परीक्षा पे चर्चा– 2024 कार्यक्रम की निर्धारित वेबसाइट पर कराते हुये सूचना अपने ब्लाक प्रभारी के माध्यम से इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
12. श्री दीपक कुमार शुक्ला, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 जहाँगीराबाद, श्री आशीष कुमार गुप्ता, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 कोरथा एवं श्री सन्तोष कुमार अग्निहोत्री, स0अ0, रा0उ0मा0वि0 रामपुर भीमसेन को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त ब्लाक प्रभारी/प्रधानाचार्य, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से समन्वय स्थापित करते हुये जनपद की संकलित सूचना से अधोस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।